सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 06.05.2025

भैंस चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 05 चोरों को किया गया गिरफ्तार।

कब्जे से 04 भैंसे, 6,000/- रुपये (कुल अनुमानित कीमत 5,00,000/- रुपये) तथा 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सैफई के कुशल नेतृत्व में **एसओजी/सर्विलांस** टीम एवं **थाना बसरेहर पुलिस** द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद मे अपराध/अपराधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन मे आज दिनांक 06.05.2024 को एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना बसरेहर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत लोहिया पुल पर भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम बहादुरपुर के बन्द पडे भट्टे में कुछ लोगो ने कुछ भैसें बांध रखी है जो भैंसे चोरी की लग रही है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये एसओजी/सर्विलांस एवं थाना बसरेहर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो 05 अभियुक्तों द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिन्हे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये **ग्राम बहादुरपुर के पास बंद पड़े भट्टे से समय 18.23 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः

पकडे गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी उनके कब्जे से कब्जे से **01 तमंचा 315 बोर 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 6,000/- रुपये** बरामद किये गये । पकडे गये पांचो व्यक्तियों से कडाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि हम पांचो लोग अपने साथियों के साथ मिलकर रात को इटावा, मैनपुरी एवं आसपास के जनपदों मे भैंस चोरी करते है और भैंसो को पिकअप मे लादकर यहां बहादुरपुर मे बन्द पडे भट्टे मे बांध देते है और मौका मिलते ही इन भैंसो को बेच देते है इन भैंसो को बेचकर जो पैसा मिलता है उसे हम आपस मे बांट लेते है। पकडे गये अभियुक्त मोहम्मद शरीफ उपरोक्त ने बताया कि मै दिन मे गांव मे कपड़े की फेरी करने के दौराने चोरी करने के लिये भैंसे देख लेता था और रात मे उन्ही भैंसो को चोरी कर लेते थे। अभियुक्तों की निशांदेही पर **04 भैंसो** को बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा चोरी की 03 घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया गया -

1. **दिनांक 27.04.2025** को थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगला अजीत टिमरूआ से 02 भेंसे तथा **दिनांक 02.03.25** को ग्राम लरखोर से भैंस चोरी की थी जिनके सम्बन्ध मे थाना सैफई पर क्रमशः **मु0अ0सं0 78/25 धारा 303(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 82/25 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत है।
2. **दिनांक 02.05.2025** की रात्रि थाना वैदपुरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बनामई से भैंस चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध मे थाना वैदपुरा पर **मु0अ0सं0 23/25 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत है।
3. **दिनांक 27.04.2025** को थाना फ्रैण्डस कालोनी क्षेत्रान्तर्गत शान्ति विहार कालोनी से भैंस चोरी करके भाग गये थे जिसके सम्बन्ध मे **मु0अ0सं0 118/25 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत है।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध मे थाना बसरेहर पर मु0अ0सं0 29/25 धारा 317(2) बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. मोहम्मद शरीफ पुत्र मोहरपाल निवासी मोहल्ला गांधीनगर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज **उम्र करीब 24 वर्ष**
2. जीशान पुत्र खलील निवासी ग्राम शेख सराय निवासी सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद **उम्र करीब 22 वर्ष**।
3. महताब आलम उर्फ हाफिज पुत्र अब्दुल रशीद निवासी ग्राम सराय शेख थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद **उम्र करीब 23 वर्ष**।
4. मोहम्मद सरताज पुत्र अब्दुल रशीद अहमद निवासी सराये शेख थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद **उम्र करीब 30 वर्ष**।
5. छोटू उर्फ शकलेन पुत्र मोहम्मद इकराम निवासी सराय शेख थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद **उम्र करीब 25 वर्ष**।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 29/25 धारा 317(2)बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बसरेहर जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 78/25 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस बीएनएस थाना सैफई जनपद इटावा।
3. मु0अ0सं0 82/25 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस बीएनएस थाना सैफई जनपद इटावा।
4. मु0अ0सं0 23/25 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस बीएनएस थाना वैदपुरा जनपद इटावा।
5. मु0अ0सं0 118/25 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस बीएनएस थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 04 भैंस
2. 6,000/- रुपये नकद।
3. 01 तमंचा 315 बोर।
4. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।

पुलिस टीमः-

प्रथमटीम- उ0नि0 श्री बेचन कुमार सिंह, उ0नि0 श्री समित चौधरी एसओजी मय टीम, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलांस मय टीम।

द्वितीय टीम- थानाध्यक्ष बसरेहर श्री सौरभ सिंह, उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 जगराम सिंह, का0 उत्तम, का0 अरविन्द, का0 अनूप,का0 अवनीश, का0 विनोद, हे0का0 चालक वकीलउद्दीन।

नोटः उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 15,000/- रुपये की राशि से पुरस्कृत किया गया है।